पेज थ्री देहरादून

योग दिवस पर योगाभ्यास करते हुए।

देहरादून, शनिवार 22 जून, 2019

पेज 8



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### राज्य विधि आयोग के अध्यक्ष ने कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक से की भेंट

**(संवाददाता)** देहरादून। राज्य विधि आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति (से.नि.) राजेश टडन ने नगर विकास मन्त्री मदन कौशिक से विधानसभा स्थित उनके कार्यालय में शिष्टाचार भेंट करते हुए उनको विधायी एंव संसंदीय मन्त्री बनाये जाने की बधाई दी। राजस्व संहिता बनाये जाने के लिए 09 जुलाई, 2019 को विधानसभा में होने वाली राज्य विधि आयोग की बैठक में समस्त अधिकारियों को सम्बोधित किये जाने, निमंत्रण को मन्त्री ने सहर्ष स्वीकार किया है, साथ ही राज्य विधि आयोग की 12वीं रिपोर्ट एंव प्रथम रिपार्ट प्रस्तुत करते हुये अवगत कराया कि उत्तर प्रदेश में अग्रिम जमानत बिल कायम हो गया है।

### निलम्बित ईई के खिलाफ कार्रवाई न होने पर आंदोलन को चेताया

**(संवाददाता)** देहरादून। लोक निर्माण विभाग के निलम्बित अधिशासी अभियंता अनुपम सक्सेना के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामले में कार्रवाई न होने पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्य कार्यक्रम समन्वयक राजेन्द्र शाह ने 5 जुलाई को मंडल मुख्यालय पौड़ी में धरने पर बैठने का ऐलान किया है। शाह का कहना है कि अनुपम सक्सेना के समय जारी हुई सीसीएल एवं प्रान्तीय खण्ड पौड़ी में निर्माण कार्यों में हुए भ्रष्टाचार की जांच की मांग को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्य कार्यक्रम समन्वयक राजेन्द्र शाह ने गत मई माह में मुख्यमंत्री से मुलाकात कर उन्हें शिकायती पत्र सौंपा था।

### एफआरआई में योग दिवस पर कर्मियों ने किया योगाभ्यास

**(संवाददाता)** देहरादून। वन अनुसंधान संस्थान देहरादून द्वारा संस्थान के ऑफीसर क्लब में योग विशेषज्ञ योगाचार्य प्रेम जी के पर्यवेक्षण में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर लगभग 250 व्यक्तियों ने योगाचार्य प्रेम जी की देखरेख में योगाभ्यास किया।

### एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने 'अटल पेंशन योजना' लॉन्च की

**(संवाददाता)** देहरादून। एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने अपने बचत बैंक धाताधारकों के लिए अटल पेंशन योजना के लॉन्च की घोषणा की। एयरटेल पेमेंट्स बैंक देश का पहला पेमेंट्स बैंक बन गया है, जो पेंशन फंड रेगुलेटरी एण्ड डेवलपमेंट अथॉरिटी (पीएफआरडीए) संचालित योजना का लाभ दे रहा है। अटल पेंशन योजना, भारत सरकार का अभियान है और इसका मुख्य उद्देश्य असंगठित क्षेत्र में काम करने वालों को पेंशन का फायदा और सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना है।

# महाकुम्भ मेला जनवरी 2021 के प्रथम सप्ताह से होगा प्रारम्भ

## 'प्री-बजट कंसल्टेशन' संबंधी बैठक में प्रदेश के पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने किया प्रतिभाग

**बैठक**

**संवाददाता**

देहरादून। विज्ञान भवन नई दिल्ली में केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमन की अध्यक्षता में आयोजित "प्री-बजट कंसल्टेशन" संबंधी बैठक में उत्तराखण्ड के पर्यटन, तीर्थाटन एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने प्रतिभाग किया। बैठक में कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने प्रदेश की वित्तीय स्थिति एवं अर्थव्यवस्था से संबंधित विषयों पर चर्चा करते हुए कहा कि हरिद्वार में 2021 में आयोजित होने वाले महाकुम्भ के लिए अब लगभग 1 वर्ष 7 माह का ही समय शेष है, जिसके दृष्टिगत कुम्भ मेले के आयोजन से संबंधित स्थायी प्रकृति के कार्यों की स्वीकृतियां प्राथमिकता के आधार पर निर्गत की जानी आवश्यक होगी, ताकि कुम्भ मेले के आयोजन से पूर्व ही माह अक्टूबर/नवम्बर 2020 तक समस्त कार्य पूर्ण कराया जाना सम्भव हो सके। हरिद्वार में आगामी महाकुम्भ मेला का अयोजन माह जनवरी



बैठक में प्रतिभाग करते प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज।

2021 के प्रथम सप्ताह से प्रारम्भ हो जायेगा। इस महत्वपूर्ण आयोजन के लिये उन्होंने रूपये 5000 करोड़ की वित्तीय सहायता उपलब्ध कराये जाने का अनुरोध किया।

कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि उत्तराखण्ड को 38वें राष्ट्रीय खेल के आयोजन का अवसर प्रदान किया गया है। जिसे वर्ष 2021 में आयोजित किया जाना है। राष्ट्रीय खेलों में 38वें संस्करण के 39 खेल विधाओं में खेल प्रतियोगितायें आयोजित की जायेंगी। खेलों के आयोजन हेतु परिसम्पतियों के निर्माण में समय लगेगा। इसलिए राष्ट्रीय खेलों को राज्य में सफलतापूर्वक आयोजित किये जाने एवं अवस्थापना विकास हेतु रूपये 682 करोड़ की धनराशि वर्ष 2019-20 में उपलब्ध कराई जाये।

सतपाल महाराज ने बताया कि राज्य की दुर्गम भौगोलिक स्थिति के दृष्टिगत निर्माण सामग्री को निर्माण स्थल तक पहुचाने में ढुलान आदि पर अत्याधिक व्यय होने के कारण हिमालयी राज्यों हेतु प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत आवास निर्माण हेतु प्रति लाभार्थी रूपये 1.30 लाख को बढ़ाकर प्रति लाभार्थी रूपये 2 लाख की सहायता राशि का प्रावधान किया जाय। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के लाभार्थी परिवार हेतु 30 अतिरिक्त मानव दिवस स्वीकृत कर युगपतिकरण के अन्तर्गत मनरेगा के तहत अकुशल श्रमांश के दिवसों को 95 दिन से बढ़ाकर 125 दिन किया जाये।

उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी नरेगा में पर्वतीय क्षेत्र होने के कारण उत्तराखण्ड में सामग्री ढुलान अत्यन्त मंहगा होता है, जिससे दूरस्थ क्षेत्रों में पहुचने पर सामग्री की वास्तविक लागत में काफी बढ़ोत्तरी हो जाती है। इस कारण महात्मा गांधी नरेगा अन्तर्गत टिकाऊ प्रवृत्ति के कार्य कराने में कठिनाई होती है। इसलिए पर्वतीय राज्यों हेतु श्रम सामग्री अनुपात 60:40 के बजाय 50:50 किया जाना गुणवत्तापूर्ण स्थायी परिसम्पत्तियों के निर्माण में सहायक सिद्व होगा।

### जीएसटी परिषद् की ३५वीं बैठक आयोजित, प्रस्तावित संशोधनों पर हुई चर्चा

**(संवाददाता)** देहरादून। जीएसटी परिषद् की 35वीं बैठक नई दिल्ली में आयोजित की गयी, जिसमें राज्य का प्रतिनिधित्व सतपाल महाराज कैबिनेट मंत्री उत्तराखण्ड सरकार द्वारा किया गया। बैठक में नियन्त्रक एवं महालेखा परीक्षक कार्यालय द्वारा केन्द्र व राज्य सरकारों से जीएसटी के अधीन विभिन्न व्यापारियों द्वारा प्राप्त किये जा रहे पंजीयन, दाखिल की जा रही विवरणियों अथवा अन्य कार्यवाहियों से सम्बन्धित डाटा ऑडिट किए जाने के उद्देश्य से उपलब्ध कराए जाने के संबंध में बनाए गये दिशा-निर्देशों पर विचार विमर्श किया गया।

बैठक में जीएसटी विधि में प्रस्तावित संशोधनों पर विस्तृत चर्चा की गयी। राज्य द्वारा पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए इलैक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने हेतु ऐसे वाहनों पर कर की दर 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत प्रस्तावित किए जाने तथा इन वाहनों के चार्जिंग के लिए प्रयोग किये जाने वाले चार्जर पर कर की दर 18 प्रतिशत से घटाकर 12 प्रतिशत संस्तुत किए जाने का समर्थन किया गया।

### गढ़वाल टैरेस में योग कार्यक्रम का आयोजन

**(संवाददाता)** देहरादून। पॉचवें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मसूरी के गढ़वाल टैरेस में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें दो सौ से अधिक स्थानीय लोगों ने योगाभ्यास किया। बतौर मुख्य अतिथि दीप प्रज्जवलित करने के बाद मसूरी विधायक गणेश जोशी ने जनता के साथ योग किया और करो योग रहो निरोग के नारे को बढ़ावा दिया। योग आज प्रत्येक नागरिक की आवश्यकता हो गया है। उन्होनें इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का साधुवाद किया कि उन्होंने योग को अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति दिलायी। आज योग विश्व के अधिक देशों में मनाया जा रहा है और अनन्त लोगों को योग का लाभ प्राप्त हो रहा है।

# रोजगार मेलों को बनाया जाएगा अधिक प्रभावी

**निर्देश**

■रोजगार के लिए उपलब्ध धन का होगा पूरा उपयोग

विकासनगर। **सवांददाता**

श्रम, सेवायोजन, प्रशिक्षण एवं आयुष शिक्षा मंत्री डॉ. हरक सिंह रावत की अध्यक्षता में विधान सभा स्थित कार्यालय कक्ष में बैठक हुई। बैठक मे कहा गया कि रोजगार मेला को अधिक प्रभावी बनाते हुए धरातल पर लाया जायेगा, केवल खाना-पूर्ति के लिए रोजगार मेला नहीं लगेगा। पिछले वर्षों रोजगार मेला



श्रम एवं सेवायोजन मंत्री हरक सिंह रावत विभागीय अधिकारियों की बैठक लेते हुए।

के माध्यम से जिन लोगों को नियोजित किया गया है उनकी मानिटरिंग की जायेगी। रोजगार के लिए उपलब्ध धान का शत-प्रतिशत उपयोग किया जायेगा। इसके लिए उन्होंने राज्य में रोजगार परक महौल तैयार करने पर बल दिया।

तकनीकी शिक्षा की समीक्षा करते हुए कहा गया कि स्वीकृत 176 आईटीआई में से 148 संचालित हैं जिनमें लगभग 14500 छात्रों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इनमें 65 पद प्राचार्य के हैं, शेष पदों पर फोरमैन प्राचार्य का कार्य देख रहे हैं। लोक सेवा आयोग द्वारा स्वीकृत 32 पदों में से 16 पद रिक्त हैं, जिसके लिए अधियाचन भेजा जायेगा तथा स्वीकृत 33 पदोन्नति के पद के सापेक्ष खाली 20 पद शीघ्र डीपीसी की जायेगी। प्रयास यह किया जायेगा की प्रत्येक आईटीआई में प्राचार्य का पद उपलब्ध हो।

इस वर्ष 10 हजार छात्रों को आईटीआई में प्रवेश का लक्ष्य दिया जायेगा।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+




Scan This Code

Read News
Watch News Channel

### घोषणा की

**(संवाददाता)** देहरादून। उत्तरांचल पंजाबी महासभा की जिला एवं महानगर युवा इकाई का गठन कर घोषणा की गई।

**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०-**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।